**संख्या : आईसीएमआर-एनआईएन/प्रशासन/सीधीभर्ती/सहायक/01/2024** **दिनांक : 18.02.2025**

# आई सी एम आर-राष्ट्रीय पोषण संस्थान में सहायक (प्रशासन) पद की सीधी भर्ती

आई सी एम आर - राष्ट्रीय पोषण संस्थान (आई सी एम आर - एन आई एन) भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसन्धान परिषद्, स्वास्थ्य अनुसन्धान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में एक शोध संस्थान है, जो प्रशासनिक संवर्ग के अंतर्गत सहायक पद के लिए भारतीय नागरिकों से ऑन लाइन आवेदन आमंत्रित करता है। केवल वहीं आवेदन स्वीकार किए जाएंगे जो दिए गए लिंक का उपयोग करके ऑनलाइन मोड के माध्यम से भरे जाएंगे एवं क्रम में पाए जाएंगे। उम्मीदवारों को पद के लिए आवेदन करने से पहले विस्तृत अधिसूचना को ध्यान से पढ़ना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि वे इस अधिसूचना में दर्शाए गए पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करने वाले आवेदकों की उम्मीदवारी बिना किसी सूचना के भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में रद्द कर दी जाएगी। भर्ती प्रक्रिया के सभी चरणों में आवेदकों की उम्मीदवारी पूर्णतः अस्थाई होगी। विवरण इस प्रकार है:

**<u>परीक्षा/परीक्षण के लिए महत्वपूर्ण समय सीमा निम्नानुसार होगी:</u>**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण एवं ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु वेबसाइट लिंक खोलने की तिथि | जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी |
| ऑनलाइन पंजीकरण एवं ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी |
| आई सी एम् आर-एन आई एन वेबसाइट से डाउनलोड करने हेतु प्रवेश पत्र की उपलब्धता की प्रारंभिक तिथि | आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद घोषित की जाएगी |
| कंप्यूटर आधारित परीक्षण (सी.बी.टी.) की तिथि और कंप्यूटर प्रवीणता/कौशल परीक्षण | प्रवेश पत्र में सूचित किया जाएगा |

*सी.बी.टी. के लिए प्रवेश पत्र आई.सी.एम.आर- एन.आई.एन वेबसाइट पर सी.बी.टी. के दिन तक डाउनलोड हेतु उपलब्ध हो जाएगी।

**<u>आवश्यक योग्यता और रिक्तियों का विवरण:</u>**

| | |
|---|---|
| **पद का नाम** | **सहायक** |
| **पद कोड** | ASST01 |
| **पद का वर्गीकरण** | ग्रुप-बी |
| **वेतन मैट्रिक्स** | वेतन मैट्रिक्स स्तर: 7वें सी पी सी का वेतन स्तर 6 (रु.35400 - 112400) |
| **आयु सीमा** | 30 वर्ष से अधिक नहीं अर्थात आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए |
| **रिक्तियों की संख्या और आरक्षण श्रेणी** | **4 पद (यू.आर-4)*** |

| | |
|---|---|
| **शैक्षणिक और अन्य योग्यता** | i. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी विषय में न्यूनतम 3 वर्षीय स्नातक की डिग्री।<br>ii. कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान (एम एस ऑफिस/पावर प्वाइंट)।<br>(उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने के लिए समापन तिथि पर या उससे पहले आवश्यक शैक्षिक योग्यता होनी चाहिए) |

***निदेशक, आई.सी.एम.आर-एन आई एन को पदों की भर्ती के किसी भी चरण में रिक्तियों की संख्या बढ़ाने/घटाने का अधिकार है।**

**सहायता डेस्क:** बाद में सूचित किया जाएगा।

**<u>आवेदन कैसे करें :</u>**

- उम्मीदवारों को केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन करना आई.सी.एम.आर एन आई एन वेबसाइट पर उपलब्ध है।
- ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए वैध ईमेल आई डी और मोबाइल नंबर अनिवार्य है।
- उपयुक्त पदों के लिए नीचे उल्लिखित आवेदन शुल्क (अप्रतिदेय अर्थात वापस नहीं किया जाएगा) आवेदन हेतु लागू होगा:

| पद का नाम | अनारक्षित (यू.आर) | पी डब्ल्यू बी डी /महिला |
|---|---|---|
| सहायक Assistant | Rs.2000/- | Rs.1600/- |

- आई.सी.एम.आर कर्मचारियों को आवेदन शुल्क के भुगतान हेतु कोई छूट नहीं दी जाएगी।
- आवेदन शुल्क उम्मीदवारों द्वारा आवेदन प्रक्रिया के दौरान केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से किया जाएगा। एक बार जमा की गई शुल्क राशि किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं की जाएगी और न ही शुल्क को किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए आरक्षित रखा जा सकता है।
- उम्मीदवारों को अपने आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों (मूल) की स्कैन की गई प्रतियां अपलोड करनी होंगी :-
    - जन्म तिथि का प्रमाण पत्र।
    - आयु में छूट प्राप्त करने के लिए विकलांगता प्रमाण पत्र (**अनुलग्नक- I**)
    - आयु में छूट प्राप्त करने के लिए एक्स -सर्विसमेन प्रमाण पत्र।
    - दसवीं कक्षा से आगे की शैक्षिक योग्यता का प्रमाण।
    - प्रत्येक पद के लिए आरंभिक तिथि और समाप्ति तिथि का स्पष्ट उल्लेख करते हुए कार्य अनुभव का प्रमाण पत्र।
    - सरकारी कर्मचारियों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र **(अनुलग्नक-II)**
    - निर्धारित प्रारूप में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए आयु में छूट के लिए अनुभव का प्रमाण पत्र **(अनुलग्नक-III)**
    - अन्य दस्तावेज, यदि कोई हो।
- अभ्यर्थियों के साथ सभी पत्राचार केवल उनके पंजीकृत ई मेल आई डी के माध्यम से ही किए जाएंगे। परीक्षा कार्यक्रमपरिषद/या संस्थान/प्रवेश पत्र आदि से संबंधित सभी जानकारी ईमेल के माध्यम से और/ की वेबसाइट पर अपलोड करके प्रदान की जाएगी।

- प्रवेश पत्र प्राप्त करने, डाउनलोड करने और प्रिंट करने या अन्य किसी भी जानकारी की प्राप्ति की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

- यदि अभ्यर्थी समय पर अपना मेलवेबसाइट एक्सेस करने में विफल रहता है/ या अभ्यर्थी द्वारा प्रदान की गई अमान्यगलत ई मेल आई/ डी के कारण भेजे गए ईमेल के खो जाने या सूचना के विलंब प्राप्त न होने/ के लिएआई-आर.एम.सी. एन आई एन जिम्मेदार नहीं होगा।

- अभ्यर्थियों को ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा में प्रवेश की अनुमति तभी दी जाएगी, जब उनके पास वैध फोटो प्रवेश पत्र होगा।

- यदि किसी उम्मीदवार द्वारा भर्ती प्रक्रिया के दौरान या उसके बाद किसी भी समय आवेदन में कोई गलत जानकारी दी जाती है या कोई जानकारी छिपाई जाती है, तो उसकी उम्मीदवारी सेवाएं समाप्त की जा सकती/ हैं।

**<u>सहायक (ASST01) के पद के लिए चयन प्रक्रिया</u>**

सहायक पद के लिए कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन स्क्रीनिंग परीक्षाएँ दो स्तरों (टियर -1: कंप्यूटर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नावली (एम.सी.क्यू.) परीक्षण और टियर-2: कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षण) पर होगी।

• कंप्यूटर आधारित परीक्षण (सी.बी.टी.), बहुविकल्पीय प्रश्नावली (एम.सी.क्यू.) पर आधारित होगी; जिसमें कुल 100 प्रश्न होंगे, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

| **क्र. सं.** | **पद का नाम** | **विषय** | | **प्रश्नों की संख्या** | **अंक** | **टिप्पणी** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक | अनुभाग - क | अंग्रेजी भाषा | 20 | 20 | कुल समय 90 मिनट होगा।<br><br>अनुभागवार अर्हक (क्वालीफाइंग) अंक नहीं होंगे। |
| | | अनुभाग - ख | समसामयिक घटनाओं पर आधारित सामान्य ज्ञान | 20 | 20 | |
| | | अनुभाग - ग | तर्क शक्ति एवं सामान्य बुद्धिमत्ता | 20 | 20 | |
| | | अनुभाग - घ | कंप्यूटर योग्यता | 20 | 20 | |
| | | अनुभाग - ड. | मात्रात्मक योग्यता | 20 | 20 | |
| **कुल** | | | | **100** | **100*** | |

* सी.बी.टी. में नकारात्मक अंक होगा; प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक दिया जाएगा और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक घटा दिए जाएंगे। विषय-वस्तु से प्रश्न आवश्यक योग्यता के अनुरूप स्तर के होंगे।

- सहायक पद के लिए सी.बी.टी. में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त किए जाने वाले न्यूनतम आवश्यक अर्हक (क्वालीफाइंग) अंक नीचे दिए गए हैं:

| **श्रेणी Category** | **न्यूनतम आवश्यक योग्यता अंक Minimum essential qualifying marks** |
|---|---|
| **अनारक्षित** | 50% |

- सी.बी.टी. में उनके प्रदर्शन के आधार पर चयनित किए गए उम्मीदवारों को 20 अंकों की कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा जो कि अर्हक (क्वालीफाइंग) प्रकृति की होगी। सभी अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा हेतु न्यूनतम आवश्यक अर्हक (क्वालीफाइंग) अंक निर्धारित कुल अंकों का 50% (अर्थात् 10 अंक) होगा।

| परीक्षण का नाम | कौशल सेट | अंक | समय-सीमा |
|---|---|---|---|
| कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षण | वर्ड प्रोसेसिंग, एक्सेल शीट, स्लाइड बनाना आदि।<br>परीक्षण में निम्नलिखित विषय शामिल होंगे:-<br>1. एक गद्यांश (पैसेज) की टंकण और/या अन्य वर्ड प्रोसेसिंग अभ्यास जिसमें अंग्रेजी में 45 शब्द प्रति मिनट / हिंदी में 40 शब्द प्रति मिनट की गति से टंकण परीक्षण शामिल है। (क्रमशः 13500 केडीपीएच और 12000 केडीपीएच)<br>2. एक्सेल शीट तैयार करना।<br>3. पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन और संबंधित अभ्यासों की तैयारी जो किसी कार्यालय के सामान्य दिन-प्रतिदिन के कामकाज में आवश्यक हैं। | 20 अंक | कुल समय 60 मिनट |

- **'योग्यता के बाद के अनुभव' के लिए वेटेज (अधिकतम 5 अंक)** - इसके अलावा, किसी भी सरकारी मान्यता प्राप्त या अनुमोदित या पंजीकृत संगठन में 'योग्यता के बाद के अनुभव' रखने वाले उम्मीदवारों को 5 अंक तक दिए जाएंगे। अनुभव के लिए वेटेज अंक निम्नानुसार दिया जाएगा:

| **योग्यता के बाद अनुभव (वेटेज) तालिका** | |
|---|---|
| **प्रासंगिक अनुभव** | **भारित (अंक)** |
| >1 से 2 वर्ष तक | 1 |
| >2 और <4 वर्ष | 2 |
| >4 और <6 वर्ष | 3 |
| >6 और <8 वर्ष | 4 |
| >= 8 वर्ष | 5 |

- कॉमन सी.बी.टी अन्य आई सी एम आर संस्थानों के साथ आयोजित किया जाएगा।

**सहायक पद के संबंध में महत्वपूर्ण नोट:**

- सी.बी.टी. और योग्यता के बाद के अनुभव का संचयी वेटेज 100% होगा और कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा अर्हक (क्वालीफाइंग) प्रकृति की होगी।
- सी.बी.टी. में उनके प्रदर्शन के आधार पर उम्मीदवारों को 1:10 अनुपात (संबंधित श्रेणी में प्रत्येक रिक्ति के लिए 10 उम्मीदवार) में कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।
- सी.बी.टी. में उम्मीदवारों के अंकों को अंतिम मेरिट सूची के लिए तभी स्वीकृत किया जाएगा जब उम्मीदवार कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा उत्तीर्ण करेगें।
- सी.बी.टी. स्कोर का वेटेज 95% है और योग्यता के बाद के अनुभव के लिए अधिकतम 5 अंक दिए जाएंगे। प्राप्त योग का वेटेज 100% होगा और यह अंतिम अंक होगा, जिससे अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी।

**पाठ्यक्रम:**

| **सहायक पद के लिए सी.बी.टी.पाठ्यक्रम** | |
|---|---|
| **विषय** | **पाठ्यक्रम** |

| | |
|---|---|
| **अंग्रेजी भाषा** | Comprehension, One word substitution, Synonyms and Antonyms, Spelling error, spotting error in sentences, Grammar - Noun, Pronoun, Adjective, Verb, Preposition, Conjunction, Use of "A", "AN" and "THE", Idioms and Phrases. |
| **समसामयिक मामलों सहित सामान्य ज्ञान** | भारतीय इतिहास, भारतीय भूगोल, भारतीय अर्थव्यवस्था, भारतीय राजनीति और संविधान, विज्ञान और वैज्ञानिक अनुसंधान, पुरस्कार, खेल, आईसीएमआर सहित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठन/संस्थाएं, समसामयिक घटनाक्रम - भारत और विश्व। |
| **तर्क शक्ति एवं सामान्य बुद्धिमता** | समानताएं - प्रतीकात्मक/संख्या समानता, अर्थगत समानता, आकृति समानता, समानताएं और भेद, शब्द निर्माण, संबंध अवधारणाएँ, दृश्य धारणा, भेदभाव, अवलोकन, अंकगणितीय संख्या श्रृंखला, अर्थ श्रृंखला, संख्या श्रृंखला, कोडिंग और डिकोडिंग-छोटे और बड़े अक्षर/संख्या कोडिंग, डिकोडिंग और वर्गीकरण। |
| **कंप्यूटर योग्यता** | कंप्यूटर की विशेषताएं, रैम, रोम, फाइल सिस्टम, इनपुट डिवाइस सहित कंप्यूटर संगठन, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर - हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के बीच संबंध, ऑपरेटिंग सिस्टम, एमएस-ऑफिस (वर्ड, एक्सेल / स्प्रेडशीट, पावर प्वाइंट का एक्सपोजर), सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, डिजिटल हस्ताक्षर, ई-गवर्नेंस के लिए सरकार में सूचना प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग, मोबाइल / स्मार्टफोन की सूचना कियोस्क। |
| **मात्रात्मक योग्यता (गणित)** | संख्या पद्धति, दशमलव, भिन्न, न्यूनतम समापवर्त्य, लघुत्तम समापवर्त्य , अनुपात और समानुपात, प्रतिशत, औसत, लाभ और हानि, साधारण और चक्रवृद्धि ब्याज, समय और कार्य, समय और दूरी, क्षेत्रमिति (2डी. और 3डी.), बीजगणित, डेटा व्याख्या, तालिका और ग्राफ़ आदि। |

**नोट: परीक्षा का कठिनाई स्तर आवश्यक योग्यता के स्तर का होगा।**

**<u>कंप्यूटर आधारित परीक्षण के लिए शहर/केंद्र</u>**

- हैदराबाद

**<u>कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षण और कंप्यूटर कौशल परीक्षण के लिए शहर /केंद्र</u>**

- वेबसाइट/मेल के माध्यम से बाद में सूचित किया जाएगा।

## <u>नियम और शर्तें:</u>

**<u>राष्ट्रीयता</u>**

- आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।

**<u>आयु सीमा</u>**

- अधिकतम आयु सीमा ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के अनुसार निर्धारित की जाएगी।
- आयु निर्धारित करने के लिए केवल मैट्रिकुलेशन/माध्यमिक परीक्षा प्रमाण पत्र में दर्ज जन्म तिथि ही स्वीकार की जाएगी और बाद में परिवर्तन के लिए कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- अनारक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी. उम्मीदवारों को कोई आयु छूट उपलब्ध नहीं होगी।

- पी.डब्ल्यू.बी.डी. श्रेणी के लिए ऊपरी आयु सीमा के आगे 10 साल तक उम्र में छूट की अनुमति दी जाएगी।
- पेंशन और प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार के दिनांक 27 मार्च 2012 के कर्यालय ज्ञापन संख्या 15012/2/2010- स्थापना ( डी) द्वारा निर्धारित शर्तों को पूरा करने वाले केंद्रीय सरकार के सिविलियन कर्मचारयों के लिए (सामान्य/अनारक्षित) जिन्होंने आवेदन प्राप्त करने की समापन तिथि पर, कम से कम 3 साल की नियमित और निरंतर सेवा पूरी की है, ऊपरी आयु सीमा से अधिक 5 साल तक की छूट की अनुमति दी जाएगी ।

<u>**परिवीक्षा**</u>:

• कार्यग्रहण करने की तारीख से दो साल तक परिवीक्षा की अवधि होगी। परिवीक्षा के संबंध में अन्य नियम और शर्तें आई सी एम् आर /भारत सरकार द्वारा समय -समय पर जारी नियमों के अनुसार होंगी।

<u>**शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का दस्तावेज़ सत्यापन:**</u>

- दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को नामित कार्यालय में, स्व - अभिप्रमाणित फोटोकॉपी और मूल दस्तावेजों के साथ आने की आवश्यकता होगी।
- दस्तावेज़ सत्यापन के लिए आते समय उम्मीदवारों को ऊपर सूचीबद्ध किए अनुसार दो पासपोर्ट आकार की हाल ही में लिए गए कलर तस्वीरें एक मूल फोटो आई डी प्रूफ साथ और ( कैप और चश्मे के बिना) लाना होगा।
- उम्मीदवारों को निम्लिखित मूल दस्तावेजों को साथ लाना होगा
    - I जन्म प्रमाण पत्र
    - ii मैट्रिकुलेशन/ माध्यमिक शिक्षा प्रमाण पत्र।
    - iii 12 वीं/ इंटरमीडिएट सर्टिफिकेट।
    - iv पोस्ट की आवश्यकता के अनुसार शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र।
    - v पोस्ट के लिए आवश्यक अनुभव प्रमाण पत्र, यदि कोई हो,
    - vi सरकार/ सरकारी उपक्रमों में पहले से ही नियोजित होने के मामले में कोई आपत्ति नहीं प्रमाण पत्र ।
    - vii कोई अन्य प्रमाण पत्र।
- उम्मीदवार को दस्तावेज़ सत्यापन के लिए सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के स्व अभिप्रमाणित फोटोकॉपी का एक सेट भी प्रस्तुत करना चाहिए।

<u>**अन्य नियम एवं शर्तें:**</u>

- पी.डब्ल्यू.बी.डी. श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को उनके लिए लागू निर्धारित प्रारूप में निःशक्तता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। (अनुलग्नक-।)
- भूतपूर्व सैनिक श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जो उनके लिए लागू हो।
- केंद्र/राज्य सरकार के विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि में कार्यरत उम्मीदवारों को "अनापत्ति प्रमाण पत्र और सतर्कता मंजूरी प्रमाण पत्र" प्रस्तुत करना होगा। (अनुलग्नक-II)

- केंद्र सरकार के कर्मचारी/विभागीय उम्मीदवार और आई.सी.एम.आर. वित्त पोषित परियोजनाओं में कार्यरत उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-II) में "अनापत्ति प्रमाण पत्र" प्रस्तुत करना चाहिए।
- ये पद ऑल इंडिया ट्रांसफर के आधार पर हैं। चयनित उम्मीदवारों को आई.सी.एम.आर./आई.सी.एम.आर.-एन आई एन के नियंत्रण में किसी भी संस्थान/केंद्र/क्षेत्र इकाई में नियुक्त किया जा सकता है। इस मामले में यात्रा/दैनिक भत्ते पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
- वित्त मंत्रालय, आर्थिक मामले विभाग (ई सी बी और पी आर डिवीजन), के दि: 22.12.2003 की अधिसूचना संख्या 5/7/2003-ईसीबी और पीआर दिनांक 22.12 में निहित प्रावधान के अनुसार नए संरचित परिभाषित योगदानकर्ता पेंशन प्रणाली का लाभ, नए भर्ती किए गए कर्मचारीके लिए अनुमत है जो 01.01.2004 से प्रभावी है।
- चयन/भर्ती के संबंध में,उम्मीदवार की ओर से या कोई भी कैनवसिंग या राजनीतिक या अन्य बाहरी प्रभाव लाने या अनुचित पद्धति अपनाने पर यह अयोग्यता माना जाएगा.
- अनुभव प्रमाण पत्र (कार्य अनुभव) सरकारी मान्यता प्राप्त/अनुमोदित/पंजीकृत संस्थान आदि के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए तथा इसमें नाम, पदनाम, कार्य अनुभव की अवधि (से-तक), उम्मीदवार द्वारा किए गए कर्तव्यों की प्रकृति आदि स्पष्ट रूप से दर्शाए जाने चाहिए।
- शैक्षणिक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संगठन/प्रतिष्ठित संस्थान से होनी चाहिए तथा अनुभव किसी सरकारी मान्यता प्राप्त/अनुमोदित/पंजीकृत संस्थान में होना चाहिए।
- केवल योग्यता-पश्चात अनुभव पर ही विचार किया जाएगा।
- कोई भी व्यक्ति (क) जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है, जिसका पति या पत्नी जीवित है या (ख) जिसने अपने पति या पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है, सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा, बशर्ते कि केंद्र सरकार, यदि संतुष्ट हो कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति तथा विवाह के अन्य पक्ष पर लागू व्यक्तिगत कानून के अंतर्गत अनुमेय है तथा ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं, तो किसी भी व्यक्ति को इस नियम के संचालन से छूट दे सकती है।
- कंप्यूटर-आधारित परीक्षण में भाग लेने के लिए कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा और उम्मीदवारों को अपनी व्यवस्था करनी होगी।
- इस विज्ञापन के संदर्भ में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को उनके अपने हित में सलाह दी जाती है कि वे आवेदित पद के लिए अपनी पात्रता के बारे में स्वयं संतुष्ट हो लें। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक सभी पात्रता मानदंड जैसे आयु सीमा, आवश्यक योग्यता, अनुभव, आरक्षण आदि को पूरा करते हैं। यदि भर्ती के किसी भी चरण में या नियुक्ति के बाद भी यह संज्ञान में आता है कि कोई भी अभ्यर्थी उपर्युक्त पात्रता मानदंड के संबंध में अपेक्षित योग्यताएं पूरी नहीं करता है या उसने आवेदन पत्र में कोई गलत या झूठी या भ्रामक जानकारी दी है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है या अन्यथा पात्र नहीं है, तो उसकी उम्मीदवारी बिना कोई कारण बताए या नोटिस दिए स्वतः ही रद्द हो जाएगी, भले ही उसने परीक्षा में कितने भी अंक प्राप्त किए हों तथा इस संबंध में कोई पूछताछ/अनुरोध/पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- **हिंदी अधिसूचना में किसी भी संदेह या विसंगति के मामले में, अधिसूचना का अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।**
- भर्ती प्रक्रिया से सम्बंधित किसी भी अपडेट के लिए आई सी एम् आर / राष्ट्रीय पोषण संस्थान के वेबसाइटों को देखना उम्मीदवारों की जिम्मेदारी है।
- इन नियमों और शर्तों के अंतर्गत उत्पन्न होने वाला कोई भी विवाद केवल हैदराबाद के क्षेत्राधिकार के अधीन होगा।

**निदेशक, आई सी एम आर-एन आई एन को निम्नलिखित अधिकार है:**

- आवेदनों की स्क्रीनिंग के लिए मानदंड तय करना ताकि कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या सीमित हो सके। उम्मीदवार द्वारा केवल आवश्यक योग्यता और अपेक्षित अनुभव पूरा करना कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं देता है।
- चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी श्रेणी में रिक्तियों की संख्या बढ़ाना/घटाना//हटाना।
- विज्ञापित पदों में से किसी या सभी पदों को भरना या न भरना बिना कोई कारण बताए।
- भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में विज्ञापन में किसी भी अनजाने में हुई त्रुटि या चूक को आई सी एम आर /एन आई एन की वेबसाइट पर अधिसूचित करके सुधारना।

**निदेशक**